# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 04 जून।** देश में कोरोना महामारी की रोकथाम हेतु केन्द्र सरकार से हर आयु वर्ग के व्यक्ति के लिए मुफ्त यूनिवर्सल टीकाकरण किए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर राज्य सरकार द्वारा जारी कोरोना गाईडलाईन्स की पूर्ण पालना करते हुए जिलाधीश कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन किया गया तथा देश में सभी के लिए कोरोना का टीका मुफ्त उपलब्ध करवाए जाने की मांग करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन राष्ट्रपति महोदय के नाम महामहिम राज्यपाल महोदय को सौंपा गया। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्षगण एवं प्रमुख कांग्रेसजनों द्वारा राष्ट्रपति महोदय के नाम एक ज्ञापन संबंधित जिलाधीश को सौंपे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में कोरोना महामारी के प्रारम्भ होने पर प्रधानमंत्री एवं केन्द्र सरकार महामारी की रोकथाम करने की बजाए प्रदेशों की चुनी हुई सरकारों को गिराने में अपनी ऊर्जा खर्च कर रही थी जिस कारण कोरोना महामारी का विस्तार पूरे देश में भयावह रूप में हो गया एवं लाखों लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने कोरोना महामारी को लेकर व्यापक प्रबंध किये जिस कारण राजस्थान प्रदेश में मृत्यु दर अन्य प्रदेशों के मुकाबले काफी कम रही है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की राय के अनुसार कोरोना महामारी के उन्मूलन का एक मात्र और अंतिम उपाय वैक्सीनेशन है। केन्द्र सरकार ने देश के लोगों को टीकाकरण करने हेतु वैक्सीनेशन नीति बनाकर चिकित्साकर्मियों तथा फ्रन्ट लाईन वर्क्स को प्रथम फेज में वैक्सीनेट करने की घोषणा की, बजट में भी 35000 करोड़ रूपये का प्रावधान करने की घोषणा की, किन्तु देश में दो वैक्सीन निर्माताओं से अपने ही देश के लोगों के लिये वैक्सीन की आपूर्ति करवाने में विफल रही। केन्द्र सरकार ने देश एवं राज्यों से इस तथ्य को छुपाया कि देश में निर्मित होने वाली वैक्सीन का केवल 10 प्रतिशत ही भारत के लोगों के लिये उपलब्ध हो सकेगा तथा 90 प्रतिशत वैक्सीन विदेशों को भेजी जायेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर आने के पश्चात् केन्द्र सरकार देश के लोगों की जान बचाने हेतु ऑक्सीजन, दवायें, जीवन

रक्षक इक्यूपमेंट और वैक्सीन उपलब्ध करवाने में विफल रही। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं के वोट के बल पर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी, उन्हीं युवाओं को वैक्सीनेशन करने की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ कर 18 से 44 वर्ष के समस्त युवाओं को वैक्सीन लगाने का दायित्व राज्यों पर डालकर केन्द्र सरकार ने युवाओं के साथ विश्वासघात किया है।

श्री डोटासरा ने कहा कि केन्द्र की गलत नीतियों के कारण राज्य में वैक्सीनेशन करने की गति धीमि पड़ गई है तथा केन्द्र सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये के कारण वैक्सीन निर्माता कम्पनियों से केन्द्र सरकार द्वारा वैक्सीन 150 रूपये में खरीदी जा रही है जबकि यही वैक्सीन राज्यों को रूपये 300 जीएसटी अतिरिक्त एवं रूपये 400 जीएसटी अतिरिक्त के मूल्य पर उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि 100 करोड़ रूपये दोनों वैक्सीन निर्माता कम्पनियों को दिये जाने के बावजूद राजस्थान राज्य को युवाओं के लिये पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वैक्सीन की आपूर्ति करने हेतु ग्लोबल टेण्डर निकाले जाने के बावजूद वैक्सीन की आपूर्ति कम्पनियों द्वारा सीधे सम्पर्क ना किये जाने के कारण नहीं हो पा रही है।

उन्होंने केन्द्र सरकार की वैक्सीनेशन नीति को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जब अन्य देशों में मई, 2020 में ही वैक्सीन खरीदने के ऑर्डर देने शुरू कर दिये थे तो भारत की केन्द्र सरकार ने वैक्सीन का पहला ऑर्डर देरी से जनवरी, 2021 से पूर्व क्यों नहीं किया? उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर, 2021 तक 18 साल से अधिक आयु की पूरी व्यस्क जनसंख्या को वैक्सीन लगाने हेतु प्रतिदिन कम से कम 1 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगना आवश्यक है, किन्तु वर्तमान में औसतन मात्र 16 लाख लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की वैक्सीनेशन नीति विफल होने पर लोगों को ध्यान भटकाने हेतु भाजपा द्वारा कांग्रेस शासित प्रदेशों एवं उन प्रदेश सरकारों में जहाँ कांग्रेस की गठबंधन सरकारें हैं, पर वैक्सीन खराब होने के अनर्गल व झूठे आरोप लगाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जनवरी, 2021 में जारी आदेश के मुताबिक वैक्सीनेशन कार्यक्रम के दौरान 10 प्रतिशत वैक्सीन खराब होना सम्भव व इजाजत योग्य होना बताया गया है। देश में वैक्सीन खराब होने की दर 6 प्रतिशत है, किन्तु राजस्थान राज्य में यह दर मात्र 2 प्रतिशत है, वह भी इसलिये कि वैक्सीन का वॉयल खुलने के पश्चात् चार घण्टे के भीतर उपयोग में नहीं ली जाये तो खराब मानी जायेगी। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की राय के अनुसार कुछ ही समय में कोरोना महामारी की तीसरी लहर और भी घातक रूप में आने वाली है जिससे होने वाले जानमाल सहित अन्य नुकसान की कल्पना भी करना मुश्किल है, ऐसी परिस्थिति में देश के हर व्यक्ति को मुफ्त यूनिवर्सल टीका लगाना आवश्यक है, किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा आमजन का जीवन

बचाने की जिम्मेदारी से पूर्णतया पल्ला झाड़ कर पहले से ही महामारी के बोझ तले दबी हुई राज्य सरकारों के ऊपर 18 वर्ष से 44 वर्ष की आयु वर्ग तक के युवाओं के टीकाकरण का अतिरिक्त भार डाल दिया है।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गॉंधी जी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गॉंधी जी द्वारा केन्द्र सरकार से मांग की गई है कि सभी देशवासियों को मुफ्त टीका लगाकर देश से कोरोना महामारी का उन्मूलन किया जाये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार का कर्त्तव्य है कि महामारी के समय सभी के लिये बिना किसी आयु वर्ग का भेदभाव किये कोरोना महामारी का टीका लगाया जाये क्योंकि लम्बे समय से देश की समस्त गतिविधियां एवं शिक्षण संस्थान ठप्प पड़े हुए हैं, छात्र एवं बच्चे शिक्षण संस्थाओं में जाकर शिक्षा पाने से वंचित हो रहे हैं। यदि शीघ्र टीकाकरण कर हालात काबू में नहीं किये गये तो हमारे देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने के समान होगा।

उन्होंने कहा कि देश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों ने देशवासियों के लिए हमेशा मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया था तथा देश से पोलियो जैसी महामारी का उन्मूलन किया, किन्तु वर्तमान में भाजपा की केन्द्र सरकार ने देशवासियों को कोरोना महामारी से बचाने हेतु अपनी समस्त जिम्मेदारियों एवं दायित्वों से पल्ला झाड़ कर सारी जिम्मेदारियां राज्यों पर डाल दी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा ना तो राजस्थान की जनता को पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध करवाये जा रहे हैं और ना ही राज्य सरकार को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान से भाजपा के 25 सांसद जीतने के बावजूद एक सांसद ने राजस्थान की जनता के लिये मुफ्त वैक्सीन, ऑक्सीजन, जीवन रक्षक दवाओं और ईक्यूपमेंट की मांग केन्द्र सरकार से नहीं कर राजस्थान की जनता के साथ धोखा किया है जिसका सबक राजस्थान की जनता उन्हें सिखायेगी।

श्री डोटासरा ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा अपनी हठधर्मिता के कारण आमजन के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के भेदभाव पूर्ण रवैये एवं फ्री वैक्सीन नहीं देने के अड़ियल रूख के विरूद्ध राजस्थान की जनता के हितों की रक्षा हेतु कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी।

--------